# पाठ - 11 झारखण्ड के दो सपूत



## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. भारतीय शासन-व्यवस्था की नींव हैः-**
(A) भारतीय संविधान (B) राजनीति
(C) पुलिस (D) राज्य

**2. भारतीय संविधान-सभा का गठन कब हुआ था?**
(A) 1950 (B) 1946
(C) 1945 (D) 1947

**3. जयपाल सिंह मुण्डा का जन्म कब हुआ था?**
(A) 1900 (B) 1928
(B) 1903 (D) 1926

**4. जयपाल सिंह मुण्डा का लगाव किस खेल से था?**
(A) क्रिकेट (B) फुटबॉल
(C) चेस (D) हॉकी

**5. श्री मुण्डा आई0सी0एस0 में कब चुने गए ?**
(A) 1927-28 (B) 1930-31
(C) 1940-41 (D) 1920-21

**6. सन् 1928 ई0 में ओलंपिक का आयोजन कहाँ हुआ था?**
(A) भारत (B) एम्सटर्डम
(C) श्रीलंका (D) जापान

**7. श्री मुंडा भारतीय संविधान-सभा के सदस्य कब चुने गए?**
(A) 1945 (B) 1947
(C) 1946 (D) 1950

**8. आदिवासी समुदाय के लोग श्री मुंडा को क्या कहकर पुकारते हैं?**
(A) मरांग गोमके (B) गुरूजी
(C) मुंडा जी (D) कुछ नहीं

**9. बाबू रामनारायण सिंह का जन्म कहाँ हुआ था?**
(A) राँची (B) चतरा
(C) रामगढ़ (D) दिल्ली

**10. बाबू रामनारायण सिंह के पिता क्या थे?**
(A) शिक्षक (B) डॉक्टर
(C) किसान (D) सैनिक

**11. इन्होंने बी0ए0 की परीक्षा कब पास की?**
(A) 1910 (B) 1920
(C) 1913 (D) 1930

**12. बाबू रामनारायण ने वकालत कहाँ से शुरू की?**
(A) पटना (B) राँची
(C) कलकता (D) दिल्ली

**13. कारावास के दौरान इनके कितने पुत्रों का देहांत हो गया था?**
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**14. "छोटानागपुर का शेर' नाम से कौन विख्यात है?**
(A) बाबू कुँवर सिंह (B) श्याम सुन्दर दास
(C) बाबू रामनारायण सिंह (D) बाबूलाल मरांडी

**15. रामनारायण बाबू की मृत्यु कब हुई?**
(A) 1947 (B) 1950
(C) 1960 (D) 1964

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (A) | 2 | (B) | 3 | (C) |
| 4 | (D) | 5 | (A) | 6 | (B) |
| 7 | (C) | 8 | (A) | 9 | (B) |
| 10 | (C) | 11 | (C) | 12 | (A) |
| 13 | (B) | 14 | (C) | 15 | (D) |

**नीचे दिए गए शब्दों में 'इक' प्रन्यय जोड़कर नये शब्द बनाएँ-**

| | शब्द | | प्रत्यय | | नया शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिन | + | इक | = | ............... |
| 2. | इतिहास | + | इक | = | ............... |
| 3. | नीति | + | इक | = | ............... |
| 4. | सप्ताह | + | इक | = | ............... |
| 5. | भूगोल | + | इक | = | ............... |

उत्तर 1. दैनिक 2. ऐतिहासिक
3. नैतिक 4. साप्ताहिक
5. भौगोलिक

**स्तम्भ 'क और 'ख' का उचित मिलान करें:-**

| क | ख |
|---|---|
| 1. कलरव | A. अत्याचार |
| 2. आँखें मूँद लेना | B. झारखण्ड |
| 3. शोषण | C. चिड़ियों की आवाज |
| 4. बिरसा मुंडा | D. कृषक |
| 5. किसान | E. मर जाना |

उत्तर 1. C 2. E
3. A 4. B
5. D

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. भारतीय संविधान सभा में झारखण्ड के किन दो सपूतों को सदस्य बनाया गया था ?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा एवं बाबू रामनारायण सिंह।

© JCERT not to be republished

**2. जयपाल सिंह मुंडा का जन्म कहाँ हुआ था ?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा का जन्म राँची जिले के तपकरा गाँव में हुआ था।

**3. जयपाल सिंह उच्च शिक्षा हेतु कहाँ गए थे ?**

उत्तर जयपाल सिंह उच्च शिक्षा हेतु संत जॉन्स कॉलेज, ऑक्सफोर्ड, इंग्लैण्ड गए थे।

**4. सन् 1926 ई0 में इन्होंने किस विषय मे स्नातक की परीक्षा पास की ?**

उत्तर अर्थशास्त्र में।

**5. इन्हें संत जॉन्स कॉलेज के जूनियर कॉमन रूम का क्या बनाया गया था ?**

उत्तर प्रेसिडेंट।

**6. 1928 ई0 के ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का कप्तान किसे बनाया गया था?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा।

**7. इनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने कौन-सा पदक हासिल किया ?**

उत्तर स्वर्णपदक।

**8. श्री मुंडा ने आई0सी0एस0 से त्यागपत्र देकर कहाँ अपना कार्य प्रारंभ किया था ?**

उत्तर वर्मा सेल में।

**9. श्री मुंडा की पत्नी का क्या नाम था ?**

उत्तर तारा वेनफ्रेड मजूमदार।

**10. 'मरांग गोमके' का क्या अर्थ होता है ?**

उत्तर महान पुरूष।

**11. जयपाल सिंह मुंडा की मुत्यु कब हुई थी ?**

उत्तर 20 मार्च 1970 को।

**12. बाबू रामनारायण सिंह का जन्म कब हुआ था ?**

उत्तर 19 दिसंबर 1885 को।

**13. बाबू रामनारायण सिंह के पिताजी का क्या नाम था ?**

उत्तर इनके पिताजी का नाम भोली सिंह था।

**14. इनकी प्रारंभिक शिक्षा किस स्कूल से हुई थी ?**

उत्तर इनकी प्रारंभिक शिक्षा जोरी मिडल वर्नाकुलर स्कूल से हुई थी।

**15. बाबू रामनारायण ने बी.ए. की परीक्षा कहाँ से पास की?**

उत्तर रिपन कॉलेज, कोलकाता।

**16. इन्हें समाज सेवा की प्रेरणा किनसे मिली ?**

उत्तर डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद से।

**17. बाबू रामनारायण कब से कब तक केन्द्रीय विधानसभा के लिए निर्वाचित होते रहे ?**

उत्तर 1927 ई0 से 1946 ई0 तक।

**18. किस जिला का जिला परिषद् उपाध्यक्ष के रूप में इन्होंने काम किया था ?**

उत्तर हजारीबाग।

**19. जो शब्दांश किसी शब्द के अंत मे लगकर अर्थ बदल देता है, उसे क्या कहते हैं ?**

उत्तर प्रत्यय।

**20. 'करो या मरो' का नारा किसने दिया था ?**

उत्तर महात्मा गांधी ने।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में झारखण्ड के किन-किन महापुरूषों का नाम आता है?**

उत्तर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे झारखण्ड के तिलका मांझी, बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, तेलंगा खड़िया, विश्वनाथ शाहदेव, गणपत राय, शेख भिखारी, वीर बुधू भगत, जतरा टाना भगत, वीर सलामत अली, अमानत अली और शेख होरो जैसे अनेक वीरों का नाम आता है जिन्हें झारखण्ड को अपनी गोद में खिलाने का गौरव प्राप्त हुआ है।

**2. जयपाल सिंह मुंडा की प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा के बारे में लिखें ?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा की प्रारंभिक शिक्षा गाँव के ही मिशनरी स्कूल में हुई थी। बाद में वे राँची के संत पॉल स्कूल आ गए। उनके गुणों से प्रभावित होकर मिशन ने उन्हें संत जॉन्स कॉलेज, ऑक्सफोर्ड, इंग्लैंड भेज दिया। यहीं से इन्होंने 1926 में अर्थशास्त्र में स्नातक की परीक्षा पास की।

**3. जयपाल सिंह मुंडा ने आई0सी0एस0 से त्यागपत्र क्यों दिया था ?**

उत्तर श्री मुंडा ने एम्सटर्डम के ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का कप्तान बनकर टीम को स्वर्णपदक दिलाया। टीम में होने के कारण इनका आई0सी0एस0 का एक साल का प्रशिक्षण छूट गया। वापस आने पर उन्हें प्रशिक्षण पूरा करने का आदेश मिला। इस आदेश से उन्हें बहुत अपमान महसूस हुआ। तब उन्होंने आई0सी0एस0 से त्यागपत्र दिया था।

**4. 'मरांग गोमके' किन्हें कहा गया है ? उन्हें ऐसा क्यों पुकारा जाता हैं ?**

उत्तर 'मरांग गोमके' जयपाल सिंह मुंडा को कहा गया है, जिसका अर्थ होता है- महान पुरूष या महापुरूष। उन्होंने आदिवासियों के लिए एक अलग झारखंड राज्य की स्थापना की माँग की। आदिवासी-कल्याण के लिए उनके प्रयासों से प्रभावित होकर यहाँ के आदिवासी उन्हें इस नाम से पुकारने लगे। वे इस क्षेत्र के लिए महापुरूष और महान नेता बन गए।

**5. जयपाल सिंह मुंडा जी के सम्मान में झारखण्ड सरकार द्वारा क्या किया गया?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा जी के सम्मान में झारखण्ड सरकार ने राँची स्थित स्टेडियम का नाम जयपाल सिंह स्टेडियम रखा है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय खेल हेतु निर्मित मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का नाम भी इनके नाम पर रखा गया। इनके नाम से खेल प्रतियोगिताएँ होती हैं एवं पुरस्कार भी दिए जाते हैं।

© JCERT not to be republished

**6. बाबू रामनारायण सिंह की शिक्षा-दीक्षा किस प्रकार हुई?**

उत्तर बाबू रामनारायण सिंह की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय जोरी मिडिल वर्नाकूलर स्कूल से हुई। वे बचपन से ही मेघावी थे। इनके पिता की आर्थिक स्थिति दयनीय थी, जो इनके पढ़ाई में बहुत बड़ा अवरोध थी। किन्तु परिवार के लोगों ने इनके बुलंद हौसले और लगन को देखते हुए इनकी पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया।

**7. रामनारायण बाबू के व्यक्तित्व की मुख्य विशेषताएँ क्या थी ?**

उत्तर रामनारायण बाबू विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। इनके व्यक्तित्व की मुख्य विशेषता यह थी कि वे अपनी बातों को कहीं भी बड़े निर्भीक होकर और दमदार तरीके से रखते थे। उनके वक्तव्यों से प्रभावित होकर लोग उनके समर्थक बन जाते थे। यही कारण था कि जेल में भी अंग्रेज सरकार उनपर कड़ी नजर रखती थी।

**8. कारावास के दौरान रामनारायण बाबू के जीवन में कैसी दुखद घटना हुई थी ?**

उत्तर 1934 ई0 में बिहार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सहित सभी आंदोलनकारियों को जेल से छोड़ दिया गया था, परन्तु बाबू रामनारायण सिंह को जेल में ही रखा गया। इसी समय कारावास के दौरान ही उनके दो पुत्रों का देहांत हो गया था। यह उनके जीवन की अत्यंत दुखद घटना थी। ऐसी दुखद घटना के बाद भी वे देश-सेवा के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. जयपाल सिंह मुंडा ने आई0सी0एस0 का प्रशिक्षण किस कारण छोड़ा ?**

उत्तर संकेत बिन्दु-
- 1927-28 में आई०सी०एस०
- मौखिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक
- ऑक्सफोर्ड में प्रशिक्षण
- हॉकी से लगाव
- एम्स्टर्डम ओलंपिक
- टीम का कप्तान एव स्वर्णपदक
- देश का नाम विश्व में
- एक साल का प्रशिक्षण छोड़ा

**2. जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासी समूह के कल्याण के लिए कौन-कौन से महत्वपूर्ण कार्य किए ?**

उत्तर संकेत बिन्दु-
- आदिवासी महासभा का गठन
- अलग झारखण्ड राज्य की माँग
- भारतीय संविधान-सभा के सदस्य
- अवसरों की समानता पर बल
- संविधान में अनुसूचित जनजाति का दर्जा
- साढ़े सात प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान
- महान नेता

**3. बाबू रामनारायण सिंह कैसे एक सेनानी, सक्रिय राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता रहे ? लिखें।**

उत्तर संकेत बिंदु-
- सरकारी सेवा से त्यागपत्र
- देश-सेवा में लगना
- वकालत छोड़ स्वराजी बने
- संविधान सभा के सदस्य
- पंचायती राज व्यवस्था
- जिला परिषद उपाध्यक्ष
- छोटानागपुर का शेर

**4. जयपाल सिंह मुंडा एवं बाबू रामनारायण सिंह के जीवन की कौन-कौन सी बातें आप अपने जीवन में अपनाना चाहेंगे ?**

उत्तर संकेत बिंदु-
- लक्ष्य के प्रति समर्पित
- लगन, मेहनत और निरंतर प्रयास
- आत्मविश्वास और स्वाभिमान
- समाज से लगाव
- मातृभूमि से प्रेम और सम्मान
- देश के विकास में योगदान
- बहुमुखी प्रतिभा के धनी

**5. पाठ के आधार पर 'झारखंड की धरती' पर एक अनुच्छेद लिखें।**

उत्तर संकेत बिंदु-
- हरे-भरे वन प्रदेश
- विभिन्न जीव-जन्तु
- पवित्र नदियाँ
- खनिज पदार्थ एवं उद्योग जगत
- तीर्थ स्थल, ऐतिहासिक स्थल
- अनेक वीरों की भूमि
- कला एवं साहित्य

© JCERT not to be republished